राज्य सेवा संवर्ग संघर्ष समिति

1 बिहार प्रशासनिक सेवा संघ
2 बिहार पुलिस सर्विस एसोसियेशन
3 बिहार स्वास्थ्य सेवा संघ
4 बिहार अभियंत्रण सेवा संघ
5 बिहार वित्त सेवा संघ
6 बिहार पशुपालन सर्विस एसोसियेशन
7 बिहार पुलिस एसोशियेसन
8 बिहार योजना एवं विकास सेवा संघ
9 बिहार सचिवालय सेवा संघ
10 बिहार पुलिस मेन्स एसोशियेसन
11 बिहार लेखा सेवा संघ
12 बिहार सहकारिता प्रशासनिक सेवा संघ
13 बिहार प्रदेश फार्मेसी शिक्षक संघ
14 बिहार कृषि सेवा संघ
15 बिहार सांख्यिकी सेवा संघ
16 बिहार सहकारिता अंकेक्षण सेवा स
17 बिहार आशुलिपिक सेवा संघ
18 बिहार आपूर्त्ति सेवा संघ
19 बिहार पंचायत सेवा संघ

पत्रांक :– ...67....... दिनांक :– 29/6/015

सेवा में,

माननीय मुख्यमंत्री,
बिहार, पटना।

विषय :– प्रोन्नति समिति की बैठक पर रोक हटाने के संदर्भ में।

महाशय,

उपरोक्त विषयक प्रोन्नति समिति की बैठक के रोक के विरोध में वर्णित राज्य सेवा संवर्ग द्वारा दिनांक 28.06.2015 को जी0पी0गोलम्बर, गाँधी मैदान से डाकबंगला चौराहा तक रैली का आयोजन किया गया, इसके पूर्व दिनांक 29.05.2015 को काला बिल्ला लगाकर सरकारी कार्य का निष्पादन किया गया तथा दिनांक 07.06.2015 को एक दिवसीय धरना/उपवास किया गया।

राज्य सेवा संवर्ग का आन्दोलन का मकसद कोई नई मांग नहीं है बल्कि

(i) प्रोन्नति देने पर लगाई गई रोक को हटाने एवं सरकार के द्वारा बनाये गये प्रावधान के तहत प्रोन्नति देने के लिए है।

(ii) दिनांक 12.08.2014 को प्रोन्नति समिति की बैठक पर रोक लगाये जाने के बाद सेवानिवृत्त हुए कर्मचारी/पदाधिकारी को देय प्रोन्नति/पेंशन आदि का लाभ उसी तिथि से देने के लिए है, जिस तिथि को प्रोन्नति देय था।

(iii) प्रोन्नति नहीं देने के कारण अगली प्रोन्नति की समय–सीमा वही मानी जाए, जिस तिथि से प्रोन्नति देय था।

राज्य सेवा संवर्ग भवदीय से पुनः अनुरोध करता है कि प्रोन्नति समिति पर बैठक पर रोक हटाने की दिशा में न्यायोचित कार्रवाई की जाए ताकि सभी का प्रोन्नति हो सके। जायज हक भी नहीं दी जाती है तो हड़ताल पर जाना राज्य सेवा संवर्ग की मजबूरी हो जायेगी।

विश्वासभाजन

(सुशील कुमार)
संयोजक

प्रतिलिपि :– मुख्य सचिव, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(सुशील कुमार)
संयोजक

प्रतिलिपि :– अध्यक्ष/महासचिव/महामंत्री/सचिव उपरोक्त सेवा संवर्ग को सूचनार्थ प्रेषित।

29/06/15

(सुशील कुमार)
संयोजक